अत्याधुनिक ई-टिकिट प्रणाली हेतु रेल मंत्रालय का नया यूज़र इंटरफेस

चर्चा में क्यों?

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में प्रचलित उत्कृष्ट सुविधाओं को अपनाकर उपयोगकर्त्ताओं (यूज़र) को बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु रेलवे के ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल www.irctc.co.in ने अब अपने नए यूज़र इंटरफेस का बीटा वर्ज़न लॉन्च किया है। नए लिंक में उपयोगकर्त्ताओं के अनुकूल और भी ज़्यादा विशेषताएँ हैं।

- 'डिजिटल इंडिया' पहल ने सरकारी संगठनों के लिये प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने और भारत के नागरिकों के जीवन को आसान बनाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।
- रेलवे की नई ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्रणाली ने अत्याधुनिक ई-टिकिट (Next Generation e-Ticketing - NGeT) प्रणाली सृजित कर यात्रा की योजना एवं टिकिटों की खरीद को स्वत: स्वरूप प्रदान किया है। इससे रेल टिकिटों की बुकिंग अधिक आसान एवं तेज़ हो जाएगी।
- वर्तमान समय में भारतीय रेलवे में कुल आरक्षित टिकिटों के लगभग दो-तिहाई की ही ऑनलाइन बुकिंग होती है।

नए यूज़र इंटरफेस की मुख्य विशेषताएँ

- ई-टिकिटिंग वेबसाइट के नए इंटरफेस की लॉन्चिंग के साथ ही यूज़र अब बिना लॉग-इन किये भी रेलगाड़ियों के बारे में जानकारियाँ ले सकते हैं/सर्च कर सकते हैं और सीटों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- ऐसे में उपयोगकर्त्ताओं का बहुमूल्य समय बचेगा। यूज़र अब वेबसाइट पर फॉन्ट साइज बदल सकते हैं, ताकि वेबसाइट पर देखने में आसानी हो।
- नए रंग-रूप वाले इंटरफेस पर बेहतर श्रेणी-वार, रेलगाड़ी-वार, गंतव्य–वार, प्रस्थान/आगमन समय-वार और कोटा-वार, फिल्टर की व्यवस्था की गई है, ताकि अपनी यात्रा के बारे में योजना बना रहे यात्रियों को और ज़्यादा सुविधा प्राप्त हो सके।
- ट्रेन संख्या, ट्रेन का नाम, प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन और उनके बीच की दूरी, आगमन एवं प्रस्थान समय व यात्रा समय सहित ट्रेन संबंधी सारी सूचनाएँ एक ही स्क्रीन पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।
- इसके अलावा, कुछ नई विशेषताओं जैसे कि 'माई ट्रांजेक्शंस' पर नए फिल्टर की व्यवस्था की गई है, जहाँ यूज़र अब यात्रा की तिथि पर आधारित बुक किये गए टिकिटों, बुकिंग तिथि, आगामी यात्रा और पूर्ण हो चुकी यात्रा के बारे में भी जानकारी ले सकते हैं।
- उपभोक्ताओं के बुकिंग अनुभव को बेहतर करने के लिये कई रोचक विशेषताएँ जैसे कि 'प्रतीक्षा सूची संबंधी पूर्व सूचना' शुरू की गई है। इस खूबी का उपयोग कर यूज़र अब यह जाँच सकता है कि प्रतीक्षा सूची अथवा आरएसी टिकिट के कन्फर्म होने की कितनी संभावना है।
- यह प्रौद्योगिकी किसी विशेष ट्रेन के ऐतिहासिक बुकिंग रुझान पर आधारित एल्गोरिदम का उपयोग करती है। इससे रेलवे की ऑनलाइन ई-टिकिट बुकिंग प्रणाली में एक नई खूबी जुड़ जाएगी।
- नए रंग-रूप और एहसास वाली इस व्यवस्था के तहत यूज़र को जो सुविधा मिल रही है, उसके तहत वे कुछ रेलगाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी ट्रेनों के लिये पूरी अग्रिम आरक्षण अवधि यानी 120 दिनों तक के लिये बर्थ उपलब्धता के बारे में जानकारी ले सकते हैं।
- नई प्रणाली में यूज़र बेहतर इंटरफेस के साथ टिकिटों को रद्द करने, टिकिटों की छपाई, अतिरिक्त एसएमएस के लिये अनुरोध, 'विकल्प' का उपयोग कर वैकल्पिक ट्रेन का चयन करने और आवश्यकता पड़ने पर ट्रेन पर चढ़ने के स्थान में परिवर्तन करने जैसी कई गतिविधियाँ पूरी कर सकते हैं।
- अब नया इंटरफेस का बीटा वर्ज़न आईआरसीटीसी के ई-टिकिट पोर्टल के पुराने इंटरफेस का स्थान ले लेगा, जिससे यूज़र्स के लिये नए इंटरफेस पर काम करना और ज़्यादा सुगम हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ministry-of-railways-launches-new-user-interface